कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

मकान नं0-1 व 2, निकट महिला आई0टी0आई0 कालेज के सामने, गोरा बाजार, रायबरेली-229001

E-mail :- ee_kk_upjn.ra1@yahoo.com

डाउनलोड जल सारथी ऐप

पत्रांक : 2378 / M-20 / 299 दिनांक 12/10/2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

विषयः– ग्रीवांश पोर्टल से प्राप्त शिकायत के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक शिकायत संख्या 220547 दिनांक 01.10.2026 के क्रम में प्रार्थी शिवम मौर्या निवासी ग्राम जोहवा हिसार विकास खण्ड हरचन्दपुर जनपद रायबरेली के द्वारा ग्राम में पेयजलापूर्ति तथा सड़क मरम्मत की मांग की गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि ग्राम जोहवा हिसार विकास खण्ड हरचन्दपुर में जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत जोहवा हिसार पेयजल योजना ग्राम समूह पुनर्गठन पेयजल योजना हेतु प्रस्तावित है। ग्राम में पेयजल पाइपलाइन बिछाये जाने के दौरान काटी/ खोदी गयी सड़को को आमजनमानस के आवागमन हेतु मोटेरेबल बना दिया गया है। पाइपलाइन टेस्टिंग के उपरान्त सड़क पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया जाना लक्षित है। योजना पर विगत 02 वर्षो से धनावंटन न प्राप्त होने के कारण कार्य की वांछित कार्य की प्रगति धीमी है। भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन कार्यो को पूर्ण करने की अवधि माह दिसम्बर 2028 तक प्रदान की गयी है। निर्धारित समयान्तर्गत योजना पर समस्त कार्य पूर्ण कराकर तथा गृह नल संयोजन प्रदान कराते हुए योजना से ग्राम में सुचारू रूप से पेयजलापूर्ति प्रारम्भ करा दिया जाना लक्षित है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– प्रार्थी शिवम मौर्या निवासी ग्राम जोहवा हिसार विकास खण्ड हरचन्दपुर जनपद रायबरेली मो0नं0–9523951474 को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता